## खबर संक्षेप

### माता वैष्णोंदेवी के लिए तीर्थयात्री 31 जनवरी को होंगे रवाना

**सागर।** मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन के तहत तीर्थयात्रियों के लिए माता वैष्णो देवी तीर्थ यात्रा हेतु आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत माता वैष्णो देवी तीर्थयात्रा करने हेतु आवेदन 17 जनवरी 2026 तक प्राप्त किये जावेगें। मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन के तहत तीर्थयात्रा हेतु किए जा रहे आवेदन में आधार कार्ड नम्बर अनिवार्य रहेगा तथा आवेदन साफ्टकॉपी एवं हार्डकॉपी के द्वारा इस कार्यालय में 17 जनवरी सायं 05:30 बजे तक भेजना सुनिश्चत करें। तीर्थ यात्रियों द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्रों के साथ चिकित्सीय प्रमाण पत्र सहित सभी कालमों एवं सहपत्रों का सूक्ष्म परीक्षण उपरांत पात्र व्यक्तियों के ही आवेदन इस कार्यालय में भेजे जावें। इसके अतिरिक्त जिन तीर्थ यात्रियों द्वारा पूर्व की यात्राओं का लाभ प्राप्त कर लिया गया है। उन तीर्थ यात्रियों के आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएगें।

### पूर्व सैनिकों के आश्रितों हेतु छात्रवृत्ति आवेदन 18 दिसंबर तक आमंत्रित

**सागर।** सैनिक बोर्ड द्वारा शैक्षणिक सत्र 2024-2025 के तहत छात्रवृत्ति योजना हेतु पूर्व सैनिकों के आश्रित बच्चों एवं विधवाओं से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। सागर जिले में निवास करने वाले पात्र लाभार्थियों को सूचित किया गया है कि वे कक्षा प्रथम से लेकर स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों तक की छात्रवृत्ति के लिए अपने आवेदन निर्धारित समयावधि में अवश्य प्रस्तुत करें। जिला सैनिक कल्याण कार्यालय, सागर ने बताया कि इच्छुक आवेदक अपना आवेदन 18 दिसंबर तक ऑनलाइन माध्यम से जिला सैनिक कल्याण कार्यालय में जमा कर सकते हैं। कार्यालय ने सभी पूर्व सैनिक परिवारों से अपील की है कि वे समय सीमा का पालन करते हुए आवेदन प्रक्रिया पूर्ण करें, ताकि उन्हें छात्रवृत्ति योजना का लाभ समय पर मिल सके। अधिक जानकारी एवं आवश्यक दिशा-निर्देशों के लिए जिला सैनिक कल्याण कार्यालय, सागर से संपर्क किया जा सकता है।

### कारीगरों को सहायता देने पीएम विश्वकर्मा योजना

**सागर।** पारंपरिक कारीगरों और शिल्पकारों को सहायता देने के लिये पीएम विश्वकर्मा योजना शुरू की गई है। योजना में टूल किट खरीदने के लिये 15 हजार रूपये का अनुदान मिलेगा। साथ ही पहली बार में एक लाख और दूसरी बार में 2 लाख रूपये का सस्ता ऋण मिलेगा। प्रारंभिक प्रशिक्षण 5 से 7 दिन का और 15 दिन का एडवांस प्रशिक्षण दिया जायेगा। प्रशिक्षण के दौरान 500 रूपये प्रतिदिन भत्ता भी मिलेगा। प्रशिक्षण के बाद सर्टिफिकेट भी मिलेगा।

### वन-वे ट्रैफिक व्यवस्था का हो रहा उल्लंघन

# गलियों से होकर बाजार में आ रहे ऑटो






हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

शहर के मुख्य बाजार में यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के उद्देश्य से प्रशासन द्वारा वन-वे ट्रैफिक व्यवस्था लागू की गई है, लेकिन इसका असर ज़मीनी स्तर पर दिखाई नहीं दे रहा है। नियमों की अनदेखी करते हुए ऑटो चालक संकरी गलियों से होकर सीधे बाजार में प्रवेश कर रहे हैं, जिससे जाम की स्थिति बनी रहती है। स्थानीय लोगों और दुकानदारों का कहना है कि वन-वे व्यवस्था लागू होने के बाद उन्हें राहत मिलने की उम्मीद थी, लेकिन ऑटो चालकों की मनमानी के कारण हालात पहले जैसे ही बने हुए हैं। गलियों से अचानक ऑटो बाजार में घुस आने से पैदल चलने वालों और दोपहिया वाहनों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कई ऑटो चालक समय बचाने के लिए निर्धारित मार्ग का पालन नहीं कर रहे हैं। संकरी गलियों से निकलते समय न तो यातायात नियमों का ध्यान रखा जा रहा है और न ही पैदल यात्रियों की सुरक्षा का। इससे दुर्घटना की आशंका भी बढ़ गई है।

दुकानदारों का कहना है कि अव्यवस्थित यातायात के कारण ग्राहकों की आवाजाही प्रभावित हो रही है। वहीं, स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि वन-वे व्यवस्था को सख्ती से लागू किया जाए और नियम तोड़ने वाले ऑटो चालकों के खिलाफ कार्रवाई की जाए।इस संबंध में यातायात पुलिस का कहना है कि स्थिति पर नजर रखी जा रही है और जल्द ही नियमों का उल्लंघन करने वालों पर चालान और अन्य दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। साथ ही बाजार क्षेत्र में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात करने पर भी विचार किया जा रहा है।अब देखना यह होगा कि प्रशासन की सख्ती से वन-वे ट्रैफिक व्यवस्था प्रभावी हो पाती है या नहीं, ताकि आम जनता को जाम और अव्यवस्था से राहत मिल सके।

### शहर में भव्य कलश यात्रा के साथ शुरू हुई श्री शिव महापुराण कथा अग्रवाल समाज करा रहा आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना



अग्रवाल समाज एवं अग्रवाल महिला मंडल द्वारा बुधवार से शिव महापुराण कथा का दिव्य एवं भव्य आयोजन नगर में दिनांक 17 दिसंबर से 25 दिसंबर तक किया जा रहा है जिसमें आज लक्ष्मी नारायण मंदिर से चौराहे से निकाली गई जिसमें नीलम बिंदल ने बताया शिव महा पुराण की पोथी का पूजन कर लक्ष्मी नारायण मंदिर से भव्य कलश यात्रा सदर बाजार निचला बाजार हाट रोड जगदीश कॉलोनी से होती हुई शुभ विदाई गार्डन मे पहुंची और जगह जगह स्वागत और पूजन किया गया इसके बाद से श्री आकाश आचार्य जी शिव महा पुराण का कथा का का श्रवण कराएँगे। कलश यात्रा मे सभी अग्रवाल समाज और महिलाओं सहित बच्चों मौजूद रहे और शिव पार्वती का दिव्य स्वरूप बनाया गया। जो कि अद्भुत अलौकिक स्वरूप भगवान भोलेनाथ और पार्वती का है बग्गी मे बैठे और उनका माल्यार्पण कर स्वगत्त किया अग्रवाल महिला मंडल की अध्यक्ष नीलम बिंदलने बताया कि पूज्य आचार्य पंडित श्री हित आकाश जी महाराज का शुभ आगमन दिसंबर को अपराह्न ठीक 2:30 बजे होगा। 19 दिसंबर से 23 दिसंबर तक प्रतिदिन प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक पार्थिव शिवलिंग निर्माण का आयोजन किया जाएगा। इसके पश्चात प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से सायं 5 बजे तक श्री शिव महापुराण कथा का वाचन होगा।



### पटेलनगर क्षेत्र में सूने मकान से हुई चोरी का कैंट थाना पुलिस ने किया खुलासा, दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

कैंट थाना प्रभारी निरीक्षक अनूप कुमार भार्गव और उनकी टीम द्वारा थाना क्षेत्र अंतर्गत पटेलनगर में सूने मकान से हुई चोरी के प्रकरण का खुलाशा करते हुए दो आरोपी गिरफ्तार किए गए हैं ।

उल्लेखनीय है कि दिनांक 14 नवम्बर 2025 को फरियादी जतिन शर्मा निवासी पटेलनगर गुना द्वारा केंट थाने में रिपोर्ट की गई थी कि दिनांक 12 नवम्बर 2025 को वह अपने परिवार मथुरा-वृन्दावन गया हुआ था । वापस लौटने उनके घर का ताला टूटा होकर घर का सामान अस्त-व्यस्त था एवं चेक करने पर घर में सोने-चांदी के जेबर, नकदी 20 हजार सहित अन्य घरेलू खाने-पीने का सामान गायब मिला । चोरी की रिपोर्ट पर से केंट थाने में अज्ञात आरोपी के विरुद्ध अपराध क्रमांक 1017/25 धारा 331(4), 303(a) बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया था । पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी द्वारा संपत्ति संबंधी अपराधों में त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही हेतु दिये जा रहे निर्देशों के परिपालन में केंट थाना पुलिस द्वारा प्रकरण में सक्रियता से कार्यवाही करते हुए अज्ञात आरोपी की पतारसी के निरंतर प्रयास किए गए । इस हेतु अपना मुखबिर तंत्र सक्रिय किया तथा तकनीकी संसाधनों के माध्यम से अज्ञात आरोपियों की सघन तलाश व पतारसी की गई, जिसमें पुलिस की सक्रियता, लगातार सूचना संकलन एवं तकनीकी विश्लेषण के आधार पर चोरी के अज्ञात आरोपियों की पहचान सुनिश्चत कर जिनकी सरगर्मी से तलाश की गई और विगत दिवस मुखबिर से आरोपियों के संबंध में सूचना के आधार पर केंट थाना पुलिस ने तत्पर और प्रभावी कार्यवाही करते हुए आरोपी मनोज उर्फ हल्के पुत्र बाबू शिकारी उम्र 21 साल निवासी नानाखेड़ी गुना एवं सलमान उर्फ भूरा पुत्र नबाव खांन उम्र 27 साल निवासी नानाखेड़ी गुना को गिरफ्तार कर लिया गया ।

जिनके द्वारा पूछताछ पर अपने एक अन्य साथी के साथ मिलकर उक्त चोरी करना स्वीकार किया । इसके बाद पुलिस ने आरोपियों की निशादेही से चांदी के दो सिक्के एवं सोने जैसी धातु की एक चैन बरामद की गई है । प्रकरण में शेष फरार आरोपी की भी पुलिस ने पहचान कर ली गई है, जिसकी शीघ्र गिरफ्तारी कर चोरी का शेष माल बरामद किया जाएगा । कंट थाना पुलिस की इस सफल और सराहनीय कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक अनूप कुमार भार्गव, उपनिरीक्षक राहुल शर्मा, सउनि बालकिशन, प्रधान रामभरोसा बैरागी, राजू बघेल, शुभम रघुवंशी, आरक्षक सूर्यभान जाट एवं अभिनेष रघुवंशी की विशेष भूमिका रही है।

### परमात्मा की कथा ही एकमात्र कथा है बाकी सब व्यथा है: चिन्मयानंद बापू




**सागर।** राष्ट्रीय संत श्री चिन्मयानंद बापू जी ने श्रीमद्भागवत कथा के द्वितीय दिवस उन्होंने अपनी अपृतमयी वाणसी से कहा कि, परमात्मा की कथा ही एकमात्र कथा है बाकी सब व्यथा है। खेल परिसर के बाजू वाले मैदान में चल रही श्रीमद् भागवत कथा में परम पूज्य संत श्री चिन्मयानंद बापू जी ने कहा कि यदि हमें कथा का एक बार नशा लग जाए और परमात्मा के श्री चरणों में हमारा अनुग्रह हो जाए तो दुनिया में फिर हमें कुछ भी जचता नहीं है सिर्फ परमात्मा ही परमात्मा दिखता है। बापूजी ने कहा कि दुनिया की सारी नसें एक रात में चले जाते हैं लेकिन कथा का नशा एक मात्र ऐसा नशा है कि जो अनवरत रूप से हमारे ऊपर चढ़ा ही रहता है कभी उतरने का नाम ही नहीं लेता। उन्होंने कहा कि जिसने भगवान की कथा का रस नहीं जाना उसने इस संसार में मानो किसी भी चीज को रखा ही नहीं है हमें जो भी दिखता है हम जो भी अपने नेत्रों से इस वक्त दर्शन कर रहे हैं। एक दिन यह सब नष्ट हो जाएगा सिर्फ भगवान का नाम ही इस संसार में एक मात्र सत्य है जो हमारे साथ हमेशा रहेगा। भागवत कथा के प्रथम स्कंध में सभी को प्रणाम करते हुए श्री सूत जी द्वारा पूछे गए प्रश्नों का उत्तर देते हुए श्रीमद् भागवत कथा को शुभारंभ किया बापूजी ने कहा हम मंदिर में जाते हैं तो हम बहुत सारे देवताओं का दर्शन करके निश्चित नहीं कर पाते कि हम किसी देवता की पूजा करें और हम आपस में ही एक दूसरे में तुलना करने लगते हैं लेकिन कथा हमको यह सिखाती है कि हम पूजा सबकी करें लेकिन अपना विश्वास किसी एक देवता के श्री चरणों में ही रखें तभी हमारी भक्ति सार्थक है। आज मुख्य रूप से कथा में मुख्य यजमान डॉ. अनिल तिवारी, प्रतिभा तिवारी, शाखा अध्यक्ष शिव शंकर मिश्रा, मुख्य सह यजमान शिल्पा तिवारी, नीरज तिवारी, श्रीदेवी तिवारी और सह यजमान के रूप में परिवार अजय श्रीवास्तव रश्मि श्रीवास्तव, राजकुमार अग्निहोत्री, रत्नेश राजपूत, रामवतार पांडे, कमल तिवारी, मुन्ना पटेरिया, सीताराम मिश्रा, अशोक उपाध्याय, गोलू रिछारिया, रामजी दुबे, तरुण बडोनिया, नीति-अनिल दुबे, लालू मेथवानी, हरिराम सिंह ठाकुर, राजेन्द्र सिलाकारी, अमन गौतम, आदि उपस्थित रहे।

### विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के संबंध में राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों से की चर्चा

# सभी लोगों के नाम मतदाता सूची में आ जाएं, शुद्ध मतदाता सूची बन जाए इस कार्य में राजनीतिक दलों की महत्वपूर्ण भूमिका: सुचारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



सभी लोगों के नाम मतदाता सूची में आ जाएँ, शुद्ध सूची बन जाए , इस कार्य में राजनीतिक दलों की महत्वपूर्ण भूमिका है। आप अपने मतदान केंद्र स्तर के प्रतिनिधियों को प्रक्रिया के बारे में बताते रहें। कोई परेशानी या समस्या आने पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी को बताएं। इस आशय की बात संभागायुक्त अनिल सुचारी ने कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान की समीक्षा के दौरान राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों से चर्चा करते हुए कही। इस अवसर पर अपर कलेक्टर एवं उप-जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश रावत, जॉइंट कलेक्टर आरती यादव, अमन मिश्रा विशेष रूप से मौजूद रहे। संभागायुक्त सुचारी ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा लोगों की समस्याएँ दूर करने के लिए टीमें बनाई गई हैं, जो लगातार काम कर रही हैं। लोगों की समस्याओं का निराकरण भी किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यदि किसी मतदाता का सूची में नाम नहीं है, तो इस दौरान अपना नाम जुड़वा सकते हैं।

संभागायुक्त सुचारी ने एएस डीआर सूची प्राप्त दलों से जानकारी ली। सभी ने अवगत कराया कि सूची मिली है। जानकारी साप्ताहिक मिलने की बात भी बताई। उन्होंने कहा कि कोई समस्या हो तो बताएं, त्वरित उसका निराकरण सुनिश्चित कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि फॉर्म नंबर 6 और फॉर्म नंबर 8 कोई जमा करना चाहता है, तो किया जा सकता है। यह भी कहा कि राजनीतिक दल के पदाधिकारी कोई बात हो या कोई सुझाव हो, तो आप दे सकते हैं।

अपर कलेक्टर एवं उप-जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश रावत ने एस.आई.आर. प्रथम चरण गणना प्रपत्र का वितरण एवं संकलन, कुल मतदाताओं की संख्या, डिजिटाइजेशन, एस.आई.आर. में मतदाताओं की श्रेणी की जानकारी विधानसभा-वार विस्तार से प्रस्तुत की। उन्होंने निर्देशित गतिविधियों एवं उनके कार्य-प्रगति से भी अवगत कराया।

अपर कलेक्टर एवं उप-जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश रावत ने बताया कि सोशल मीडिया एवं प्रेस के माध्यम से मतदाताओं से अपील की गई एवं बीएलओ और मतदाताओं की समस्याओं का निराकरण किया गया। साथ ही ग्राम एवं वार्ड सभाओं के माध्यम से एएसडीआर, नो मैपिंग मतदाताओं का वाचन आदि के संबंध में बताया गया।

अपर कलेक्टर एवं उप-जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश रावत ने बताया कि मतदाता सूची का प्रारूप प्रकाशन 23 दिसंबर, दावा एवं आपत्ति 23 दिसंबर से 22 जनवरी 2026, नोटिस एवं सुनवाई 23 दिसंबर से 14 फरवरी 2026 एवं अंतिम प्रकाशन 21 फरवरी 2026 को किया जाएगा।

बैठक में राजनीतिक दलों के पदाधिकारी रामेश्वर नामदेव, शैलेंद्र तोमर सहित संबंधित अधिकारी, चिह्नित बूथ लेवल अधिकारी और मास्टर ट्रेनर मौजूद रहे।


हरिभूमि

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

## सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** 889. बलराज पाठक पिता\पति स्व. एम्.आर. पाठक पता- वार्ड .न.17 मठपारा उरकुरा रायपुर, 890. आरती राजपूत पिता\पति मोहन सिंह गौतम पता - मौलश्री विहार रायपुर, 891. महेंद्र चंद्राकर पिता\पति झुमुक लाल चंद्राकर पता- खोरपा रायपुर, 892. लेखराज सोनी पिता\पति कमलेश सोनी पता- लोधी पारा पंडरी अवंती बाई चौक, 893. राजकुमारी दीवान पिता\पति माखन सिंह दीवान पता- साईं नाथ कॉलोनी कोटा रायपुर, 894. वैभव साहू पिता\पति ओम प्रकाश साहू पता- धनेली धरसीवा रायपुर, 895. लछ्नी देवांगन पिता\पति स्व. पुरु देवांगन पता- नंदी चौक टिकरापारा, 896. भूषण लाल साहू पिता\पति स्व. प्यारे लाल साहू पता- न्यू शांति नगर रायपुर, 897. राधिका साहू पिता\पति शंकर लाल साहू पता- टिकरापारा सुदामा नगर क्रांति चौक रायपुर, 898. रामावतार यादव पिता\पति स्व. जीवराखन यादव पता- श्याम नगर रायपुर, 899. विजय लक्ष्मी साहू पिता\पति हरिराम साहू पता- पांडुका, 900. गीता निषाद पिता\पति हेम कुमार निषाद पता- सोरिद खुर्द, 901.काव्यांश साहू पिता\पति कुलदीप साहू पता- नगरी वार्ड न. 8 नगरी, 902. कु.काव्या साहु पिता\पति चोपेंद्र साहू पता- भाठापारा मुरा, 903. उषा रामटेके पिता\पति मुरली प्रसाद दुबे पता- डोंगरगांव, 904. मुकुल कुमार श्रीवास पिता\पति कीर्तन कुमार श्रीवास पता- लाखोली राजनादगांव, 905. स्मित सेठिया पिता\पति नवीन सेठिया पता- प्रवीर वार्ड जगदलपुर, 906. कार्तिक भूरा पिता\पति गिरीश भूरा पता- केवटा पारा दीनदयाल उपाध्याय वार्ड न. जगदलपुर, 907. चिंता राम खुटे पिता\पति सुखीराम खुटे पता- बी.जे.पी ऑफिस के पीछे महासमुंद, 908. सरस्वती साहू पिता\पति राधेश्याम साहू पता- भैंसा, 909. रंजना बघेल पिता\पति टेकराम बघेल पता-आर.के .जी स्कूल के पास कोकड़ी, 910. दिव्यांश पिता\पति कमल नारायण साहु पता- घिरघोल पलारी, 911. पल्लवी साहू पिता\पति भाई राम साहू पता- दौजरी कवर्धा, 912. शकुन्तला देवी पिता\पति स्व. मगरू प्रसाद विश्वकर्मा पता- सरगीपाल कोंडागांव, 913. कृष्णा मूर्ति पिता\पति अन्कैया पता-भिलाई, 914. कैलाश देवांगन पिता\पति लक्ष्मन देवांगन पता-म.न.-5H A.V.B सेक्ट-11 भिलाई, 915. यामिनी साहू पिता\पति प्रेम लाल साहू पता- पॉवर हाउस भिलाई, 916. भूपेंद्र प्रसाद पिता\पति नथुनी राम पता- म.न.524 सड़क न.16 वार्ड न.40 भिलाई, 917. सत्यभामा पटेल पिता\पति भुवन लाल पटेल पता- खुरसुल बोरई दुर्ग, 918. तुलसी साहू पिता\पति अवध राम साहू पता- ओम नगर लोधी पारा उरला, 919. भारती अग्रवाल पिता\पति जगदीश अग्रवाल पता- न्यू बोरसी कॉलोनी, 920. तेजेस्वी साहू पिता\पति भूषण साहु पता- उरला बजरंग पारा वार्ड नंबर 58, 921. भूमिका यादव पिता\पति अनिल यादव पता-विजय नगर डीपरा पारा वार्ड न.39, 920. कुंजल साहू पिता\पति मनीष साहू पता- धनोरा सत्ती पारा दुर्ग, 921. बलराम वर्मा पिता\पति स्व भरत लाल पता- सेलूद भिलाई दुर्ग, 922. चन्दन कौमार्य पिता\पति मेघेश कुमार साहु पता- जगदीश विहार धनोरा, **बिलासपुर संस्करण-** 923. रोहन गौरीलाल मरावी पिता/पति गौरीलाल मरावी पता- कोरबा, 924. निखिल श्रीवास पिता/पति श्रवण कुमार श्रीवास पता- कोरबा, 925. लकेश्वर साहू पिता/पति लक्षन साहू पता- कोरबा, 926. यशिका कैवर्त पिता/पति चरन लाल कैवर्त पता- बेलकछार बालको, 927. विजय लक्ष्मी सारथी पिता/पति रंजीत सारथी पता- संगम नगर बालको, 928. आरुष रंताई पिता/पति अविनाश रंताई पता- बालको, 929. वीरेंद्र कश्यप पिता/पति अशोक कश्यप नेहरू नगर बालको, 930. निकलोस केरकेटा पिता/पति सीमों केरकेटा पता- नेहरू नगर बालको, 931. प्रियंका सिंह पिता/पति सुरेन्द्र सिंह पता- दीपका, 932. मेधा राजवाड़े पिता/पति चंद्रा प्रताप राजवाड़े पता- बिरदा कोरबा, 933. रेशम लाल साहू पिता/पति पुरषोत्तम साहू पता- बेलकछार बालको, 934. प्रकाश कुमारी माहेश्वरी पिता/पति मंगल सिंह माहेश्वरी पता- चांपा कोरबा, 935. कुनिशा विश्वकर्मा पिता/पति ओमप्रकाश विश्वकर्मा पता- भिलाई चरुदा बालको, 936. नरेंद्र निर्मलकर पिता/पति बाबूलाल पता- अंबडेकर भवन पीछे बालको, 937. मंजु उपाध्याय पिता/पति दीपक उपाध्याय पता- पारसाभाटा, 938. मालती सराफ़ पिता/पति मनोहर लाल सोनी पता- राम सागर पारा कोरबा, 939. समीर कुमार सेन पिता/पति केदार नाथ पता- गजरा साइड, 940. गौरी बाई कश्यप पिता/पति सखाराम कश्यप पता- मलगाव, 941. देयन पात्रे पिता/पति अनूप कुमार पात्रे पता- शांति विहार रायपुर, 942. वीणा पारकर पिता/पति भगवती पारकार पता- होउसिंग बोर्ड शांति नगर बालको, 943. विष्णु लाकर पिता/पति खोया राम पता- कैलाश नगर बालको, 944. शुभाशीष मुखर्जी पिता/पति स्व. बी. सी. मुखर्जी पता वार्ड नंबर- 014 नमनकला अम्बिकापुर, 945. रोहित टोप्पो पिता/पति विजय पता- इंद्रपुर अम्बिकापुर, **भोपाल संस्करण –** 946. बिंदु पिता\पति रोशनलाल नाई पता- मकान नं.74 शिवनगर हुजूर भोपाल, 947. रोशनलाल सेन पिता\पति बाबूलाल सेन पता- नया बसेरा भोपाल, 948. रूद्रप्रताप सिंह पिता\पति राज प्रताप सिंह पता- भोपाल, 949. काजल वाघमारे पिता\पति संदीप वाधमारे पता- झुग्गी नं.31 शिव नगर जाटखेड़ी भोपाल, 950. सूरज गिरि पिता\पति संजीव गिरी पता- 180 बाग सेवनिया, 951. राजकुमार बागड़े पिता\पति नत्थूजी वागद्रेबाबा पता- नगर सी-सेक्टर शाहपुरा, 952. मो.असफाक पिता\पति मो. इसाक पता- दुर्गा नगर पंचशील नगर मकान न.181, 953. रोशनलाल पिता\पति बाबू लाल पता- नया बसेरा कोटरा, 954. राम अवतार ठाकुर पिता\पति भूमन सिंह ठाकुर पता- एच-6866 शांति प्रकाश नगर भोपाल, 955. मधु माली पिता\पति सागर माली पता- वार्ड नं 4 बैरागढ़कलां, 956. मोक्षा अहिरवार पिता\पति महेन्द्र सिंह पता- सिकरवार एच-6 भारत नगर भोपाल, 957. तुलसीदास श्रीवास पिता\पति दुलीचंद श्रीवास पता-लाल बहादुर शास्त्री वार्ड नंबर 3 कटनी, **जबलपुर संस्करण -** 958. सिद्ध कुमार जैन पिता\पति रजनीश कुमार जैन पता- कोतमा, 959. रजनीश कुमार जैन पिता\पति महेंद्र कुमार जैन, 960. सिद्धराज जैन पिता\पति रजनीश कुमार जैन पता- कोतमा, 961. असराज साकेत पिता\पति अशोक साकेत पता- कोतमा, 962. अर्थव जैन पिता\पति सतीश जैन पता- पाटन, 963. आयुष सोनोने पिता\पति शरद सोनोने पता- जबलपुर मंजूपथ दीक्षित पूरा, 964. विधि तिवारी पिता\पति मनीष तिवारी पता- जबलपुर, 965. डॉ.आर.सी. जैन पिता\पति गाडरवारा, 966. कंछेदी लाल जैन पिता\पति स्वर्गीय नाथू लाल जी जैन पता- कोतमा, 967. वैष्णवी यादव पिता\पति सुरेंद्र यादव पता- कटनी, 968. सुरेश चंद्र तिवारी पिता\पति रेवा प्रसाद तिवारी पता-ग्राम गनियारी पोस्ट मुड़वारा कटनी।

नियम एवं शर्ते लागू* शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

### अगरा में जनसमस्या निवारण शिविर में पहुंचने से पहले कलेक्टर ने स्कूल आंगनबाड़ियों की व्यवस्था टटोली

# शासन की योजना का लाभ लेने किसी पात्र को न पड़े भटकने की जरूरत:कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

जनसमस्या निवारण शिविर का मुख्य उद्देश्य यही है कि शासन-प्रशासन के सभी विभागों को एक जगह उपस्थित होकर आम लोगों की समस्या, जरूरत, मांग को यथा समय समाधान करना है ताकि जरूरतमंद व पात्र हितग्राहियों व जनहित के मुद्दे का निराकरण हो सके। किसी पात्र हितग्राही को सरकारी योजना का लाभ लेने के लिए दफ्तरों के चक्कर न काटना पड़े ऐसी व्यवस्था यह जिम्मेदारी सभी अफसरों की है। यह बात बुधवार को विजयपुर विकासखंड के अगरा गांव में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर में कलेक्टर अर्पित वर्मा ने मौजूद अधिकारियों को संबोधित करते हुए कही। इससे पहले उन्होंने रास्ते में पड़ने वाले स्कूल आंगनबाड़ी ओर स्वास्थ्य केंद्रों की व्यवस्थाओं का जायजा भी लिया। शिविर में समस्या सुनाने आए ग्रामीणों को मौके पर ही कई योजनाओं का लाभ दिया गया।

कलेक्टर अर्पित वर्मा के निर्देश पर अगरा चेटीखेड़ा सहित कई गांवों से आए पात्र हितग्राहियों के सामाजिक सुरक्षा पेंशन स्वीकृत की गई जिसमें अधिकतर निराश्रित विधवा महिलाएं थी जिन्हें कल्याणी पेंशन स्वीकृत की गई। कुछ हितग्राहियों को अनुग्रह राशि भी दी गई। इस दौरान कलेक्टर अर्पित वर्मा ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि अनुग्रह राशि और अंत्येष्टि राशि ऐसी जरूरी चीज हैं जो तत्काल और जितनी जल्दी हो सके दी जाए। इस काम में मानवीय संवेदनाएं अपनाते हुए अधिक काम करें, नियम कायदों में फाइलों को उलझाने का काम न किया जाए। शिविर में अधिकतर शिकायत जमीन पर अतिक्रमण, फौती नामांतरण से जुड़ी मिली मौके पर ही कई के फ़ौती नामांतरण किए गए जमीन विवाद की समस्या के निराकरण के लिए तहसीलदार को निर्देशित किया गया। शिविर में जिला पंचायत सीईओ सौम्या आनंद, एडीएम रूपेश उपाध्याय, विजयपुर एसडीएम अभिषेक मिश्रा सहित सभी विभाग प्रमुख मौजूद रहे।



### मध्यान्ह भोजन खुद चखा और संचालक को खिलाया

अगरा में आयोजित शिविर में शामिल होने से पहले कलेक्टर अर्पित वर्मा ने विजयपुर विकासखंड के कई स्कूलों और आंगनबाड़ियों का निरीक्षण कर वहां व्यवस्थाएं देखी और वहां बन रहे भोजन को भी चखा इस दौरान कई जगह उन्हें मीनू अनुसार भोजन नहीं मिलने पर संबंधित महिला स्व सहायता समूहों को चेतावनी दी गई और भोजन ठीक नहीं बनने पर संबंधित समूह संचालक को भी भोजन करवाया उसे निर्देशित किया कि जैसा भोजन हम घर पर अपने लिए बनाते हैं वैसा ही भोजन स्कूलों और आंगनबाड़ियों में भी बनाएं। उन्होंने पीएम पोषण शक्ति योजना के तहत बनने वाले भोजन में लापरवाही बरतने पर समूह के अनुबंध निरस्त करने के निर्देश अधिनस्थ अधिकारियों को दिए है इस दौरान उन्होंने स्वास्थ्य आरोग्य केंद्र का भी निरीक्षण किया। जहां मौजूद दवाइयां और स्टाफ की उपस्थिति भी देखी। कलेक्टर ने आंगनबाड़ी केंद्रों में विजयपुर से मध्यान्ह भोजन सप्लाई करने की विस्तृत जांच के निर्देश सीईओ जिला पंचायत सौम्या आंनद को दिए है।

### पटवारी, सुपरवाइजर एमडीएम प्रभारी पर गिरी गाज

कलेक्टर अर्पित वर्मा ने शिकायत मिलने पर अगरा पटवारी को निलंबित करने के निर्देश एसडीएम विजयपुर को दिए वहीं, महिला बाल विकास विभाग की सेक्टर सुपरवाइजर को हटाने के लिए सीडीपीओ को निर्देशित किया गया। उन्होंने सीईओ जिला पंचायत को मध्यान्ह भोजन के प्रभारी विजयपुर ब्रजेश शर्मा को कार्य में लापरवाही बरतने पर पद से पृथक करने के निर्देश दिए गए। इसके साथही कलेक्टर ने ग्राम उमरी कलां के शासकीय अनुसूचित जनजातिय बालक आश्रम में निरीक्षण के दौरान अव्यवस्थाएं पाए जाने पर अधीक्षक संजय सिंह धाकड़ को अधीक्षिकीय कार्य से मुक्त करने के निर्देश दिए गए। ज्ञात हो कि शिविर में जाने से पहले कलेक्टर ने स्कूल आंगनबाडियों का औचक निरीक्षण किया जहां उन्हें पता चला कि अधिकतर स्कूल आंगनबाड़ी में भोजन सप्लाई होता है और यह व्यवस्था खास लोगों के हाथ है। नियम विरुद्ध महिला स्व सहायता समूहों से अनुबंध कर पात्र समूहों को काम से दूर रखने की शिकायत मिली थी। इसी क्रम में आंगनवाड़ी केन्द्रों में सुचारू व्यवस्था न होने पर महिला एवं बाल विकास विभाग के डीपीओ, सीडीपीओ को नोटिस जारी किया गया।

### समय सीमा में नोटिस का जवाब नहीं देने पर भवन मालिक पर होगी कार्रवाई

# नियम विरुद्ध आसमान छूती इमारत बनाने वाले को नपा ने थमाया नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर




शहर के मेन मार्केट में माणक प्लाजा के पास आसमान छूती नियम विरुद्ध बन रही इमारत के स्वामी को अब नगर पालिका ने कारण बताओं नोटिस जारी करते हुए जवाब तलब किया है। जवाब संतुष्ट जनक नहीं मिलने पर इमारत को गिराने की कार्रवाई की जाएगी। ज्ञात हो कि हरिभूमि ने 12 दिसंबर के अंक में लापरवाहीः बुर्ज खलीफा की तर्ज पर बीच बाजार में बन रही बिल्डिंग नामक शीर्षक से समाचार प्रकाशित किया था इस समाचार प्रकाशन के बाद सीएमओ आरआर यादव ने 13 दिसंबर को संबंधित भवन स्वामी को कारण बताओं नोटिस जारी किया है।

नगरपालिका में हेल्थ ऑफिसर अरविंद पाराशर ने बताया कि बीच बाजार में जो बिल्डिंग बन रही है वह बेहद खतरनाक डिजाइन से बनाई जा रही है। उसकी चौड़ाई कम और ऊंचाई अधिक होने के कारण बिल्डिंग के गिरने का खतरा बना हुआ है। जनहित और दुर्घटना को ध्यान में रखते हुए सीएमओ आरआर यादव के निर्देश पर संबंधित भवन स्वामी को नोटिस जारी करते हुए उसे भवन बनाने की परमिशन एनओसी मांगी गई है संबंधित भवन स्वामी समय सीमा में परमिशन ओर एनओसी पेश नहीं करेगा तो उसके खिलाफ नगर पालिका अधिनियम के तहत दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी और साथ ही जनहित एवं संभावित दुर्घटना को देखते हुए बिल्डिंग को गिराने की कार्रवाई भी की जाएगी।

# वन्य प्राणी के मांस के शक में पकड़े बाइक सवारों पर निकला पाड़े का मांस, केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

शहर के जाटखेडा हनुमान मंदिर के पास पुलिस ने बाइक सवार दो लोगां को वन्य प्राणी के मांस की सप्लाई करने के शक में पकडा। लेकिन जांच के दौरान मांस पाडे का निकला। इस मामले में देहात थाना पुलिस ने पाडे के मांस के जब्त करते हुए उनके खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

बता दें कि बीती शाम को हिंदूवादी संगठनों की सूचना पर पुलिस ने जाटखेडा हनुमान मंदिर के पास से बाइक सवार दो लोगो को पकडा था। पकडे गए दोनो लोगों पर शक था कि यह वन्यप्राणियों के मांस की अवैध रूप से सप्लाई करते थे। जब इनके पास से प्लास्टिक के कट्टे में जब्त किए मांस की वन विभाग की ओर से जांच की गई तो प्लास्टिक के कट्टे में वन्य प्राणी की जगह भैस पाडे का मांस निकला। कट्टे में पाडे के पैर भी मिले है। इस मामले में देहात थाना पुलिस ने फोरेस्टकर्मी की रिपोर्ट पर बाइक सवार सद्दाम पुत्र सिद्दिक कुर्रेशी, इस्तयार पुत्र अब्दुल हबीब खान निवासी वार्ड क्रमांक 02 छारबाग श्योपुर के खिलाफ मप्र कृषक पशु परीक्षण अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

# गणेश को फिर से मिली जिला संयोजक की जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

अभाविप के जिला संयोजक गणेश शर्मा को एक बार फिर से अभाविप जिला संयोजक की जिम्मेदारी सौपी गई है। वहीं छात्र नेता विभू शर्मा, विनोद धाकड,ध्रुव गर्ग तथा मीनाक्षी सिसोदिया को विद्यार्थी परिषद की प्रांत कार्यकारिणी में स्थान दिया गया है। इसकी घोषणा डबरा में आयोजित अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रांतीय अधिवेशन में की गई। तीन दिवसीय इस अधिवेशन में श्योपुर जिले समेत 22 जिलो के अभाविप पदाधिकारी शामिल हुए थे। इस अधिवेशन में कई नई विभागीय जिम्मेदारी सौपे जाने की घोषणा की गई। इस दौरान विभाग संगठन मंत्री देशराज नारोलिया, जिला संगठन मंत्री अतुल बुडोलिया,जिला प्रमुख कमल शर्मा तथा गणेश शर्मा को फिर से जिला संयोजक बना दिया गया है। जिले के इन छात्र नेताओं को यह जिम्मेदारी सौपे जाने पर उनके शुभचिंतको सहित अभाविप कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी है।

# बस स्टैंड पर युवक के साथ मारपीट बजरंगदल ने घेरा कोतवाली थाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

शहर के बस स्टैंड में बीती रात को एक युवक के साथ मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। इस मामले में कार्रवाई की मांग को लेकर बजरंगदल के कार्यकर्ताओं ने बुधवार को कोतवाली थाने का घेराव किया। इस मामले में कोतवाली थाना पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओ में केस दर्ज कर लिया है।

शहर के जगजीवन नगर निवासी पीड़ति विशाल सगर (24) ने कोतवाली थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह मंगलवार रात करीब 9:30 बजे जब बस स्टैंड स्थित एक नॉनवेज के ठेले पर खाना खा रहा था, इसी दौरान मोबाइल पर बातचीत के समय पास खड़े अयान मुसलमान ने गलतफहमी में उसे जातिसूचक शब्द कहे और गाली-गलौज शुरू कर दी। आरोप है कि अयान मुसलमान ने साथी गोविंद धोबी के साथ मिलकर पीड़ति के साथ थप्पड़ और घूंसे से मारपीट की, जिससे उसके सिर, पीठ और दाएं हाथ के अंगूठे में चोट आई। इस दौरान जबरन उठक-बैठक भी लगवाई गई और पूरी घटना का वीडियो मोबाइल से बनाया गया। मौके पर उसके दोस्त विजय जाटव और जितेंद्र जाटव पहुंचने पर उसे बचाया गया। आरोपियों ने जाते समय जान से मारने की धमकी भी दी। रात होने और भय के कारण तत्काल रिपोर्ट नहीं की जा सकी, जिसके बाद अगले दिन थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई गई। कोतवाली टीआई सतीश चौहान ने बताया कि इस मामले में विशाल सागर की रिपोर्ट पर अयान मुसलमान और गोविंद धोबी के खिलाफ मारपीट और एससीएसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है।



# कलेक्टर के नाम पर शिक्षकों को धमका रहे शिक्षा विभाग के अफसर

**कार्रवाई के डर से शिक्षक नहीं कर पा रहे अनैतिक लाभ लेने की गरज से दी जा रही धौंस का विरोध**

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

जिले के सरकारी स्कूलो में पढा रहे शिक्षकों को इन दिनों शिक्षा विभाग के अधिकारी कलेक्टर अर्पित वर्मा के नाम पर धमकाते हुए कार्रवाई करने की धौंस दे रहे है। लेकिन शिक्षक काम करने के बाद भी दी जा रही धौस का विरोध कार्रवाई होने के डर से नहीं कर पा रहे है। लेकिन शिक्षा विभाग के अफसरों के द्वारा दी जा रही कार्रवाई की धमकी के पीछे लोग इसे अनैतिक लाभ देने के लिए एक हथकंडा भी करार दे रहे है। जिसकी चर्चा पूरे शिक्षा विभाग के गलियारो में सुनाई दे रही है।

दरअसल इन दिनों कलेक्टर अर्पित वर्मा स्कूलों की शैक्षणिक व्यवस्थाओ और मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता को बेहतर बनाने के लिए ताबडतोड निरीक्षण करते हुए लापरवाही बरतने वाले स्व सहायता समूह संचालको के अलावा संबंधित अधिकारी कर्मचारियों के खिलाफ भी कार्रवाई कर रहे है। वैसे कलेक्टर की यह कार्रवाई सराहनीय है, क्योंकि जो लापरवाही बरत रहे है,उन्हें दण्ड मिलना भी चाहिए। मगर शिक्षा विभाग के गलियारो में चर्चा है कि कलेक्टर जिन शिक्षकों के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दे रहे है,उन शिक्षकों के खिलाफ शिक्षा विभाग के अफसर कार्रवाई करने के पहले कारण जानने के लिए नोटिस जारी कर रहे है। ऐसे में नोटिस अन्य शिक्षकों को भी दिए जा रहे है तथा शिक्षकों को कार्रवाई करने की धौस दे रहे है। नाम न छापने की शर्त पर कुछ शिक्षकों ने बताया कि नोटिस देने के बाद शिक्षा विभाग के आला अफसर कार्रवाई करने का दबाव बनाते हुए मिलने का आफर भी दे रहे है। ऐसे में जो लोग आफर को स्वीकार कर रहे है,उनका जबाव लेकर उन्हें छोड दिया जा रहा है,लेकिन जो आफर को स्वीकार नहीं कर रहे है,उनके खिलाफ शिक्षा विभाग की ओर से कार्रवाई की जा रही है।

इस संबंध में कलेक्टर अर्पित वर्मा का कहना है कि स्कूलो में शैक्षणिक व्यवस्था एवं बच्चो को दिए जाने वाले मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता में सुधार हो,इसके लिए लापरवाहों पर कार्रवाई की जा रही है। लेकिन जो शिक्षक अच्छा काम कर रहे है,उनका सम्मान भी किया जाएगा। मगर नोटिस के नाम पर अनैतिक लाभ देने संबंधी मामले की जांच करवाते हुए कार्रवाई की जाएगी।

# श्योपुर में हमीद, बड़ौदा में मुरारी तो विजयपुर में हरकिशन बने ब्लॉक अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी ने पूरे प्रदेश के ब्लॉकों में अध्यक्ष घोषित कर दिए हैं। इसी क्रम में श्योपुर जिले के सभी 12 ब्लॉक में भी अध्यक्ष नियुक्त कर दिए गए हैं। श्योपुर जिले में सबसे महत्वपूर्ण और सबसे बड़े ब्लॉक विजयपुर की कमान हाई कमान ने एक बार फिर वर्तमान अध्यक्ष हरकिशन कुशवाह को सौंपी है वहीं श्योपुर में अब्दुल हामिद (भोला) और बड़ौदा में मुरारी प्रजापति को नया ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

पीसीसी अध्यक्ष जीतू पटवारी की सहमति के बाद जारी की गई सूची में श्योपुर ब्लॉक पर अब्दुल हमीद बेग, बड़ौदा में मुरारी लाल प्रजापति, प्रेमसर (उपब्लॉक) में सुरेश कुमार रावत, पांडोला (उपब्लॉक) में संजय सुमन, सोईकला (उपब्लॉक) में राम मिलन मीणा, ढोढर (उपब्लॉक) में भानु प्रताप सिंह, विजयपुर में हरीकिशन कुशवाह, बीरपुर में रामनिवास मोर्य, कराहल में महेश कुमार गुर्जर, गसवानी (उपब्लॉक) में राजेश धाकड, गोरस (उपब्लॉक) में देशराज सिंह चौहान, अगरा (उपब्लॉक) में रामदीन आदिवासी को ब्लॉक अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है।



# मानपुर गोशाला का किया निरीक्षण गोवंश का किया गया स्वास्थ्य परीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

ग्राम मानपुर स्थित गोशाला का पशु पालन विभाग की टीम के द्वारा निरीक्षण किया गया,इसके साथही गोशाला की व्यवस्थाओं को देखते हुए यहां मौजूद गोवंश का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान ग्राम पंचायत मानपुर सरपंच समेत अन्य कई नागरिक भी मौजूद रहे। गोशाला का निरीक्षण करने वाली पशु चिकित्सो की टीम ने गोशाला की व्यवस्थाओं पर संतोष जाहिर किया।



### अब श्योपुर जिला अस्पताल में जटिल नेत्र ऑपरेशन भी हो रहे

# कभी आंखों के डॉक्टर के लिए तरसता था श्योपुर, अब एक साथ तीन नेत्र विशेषज्ञ जिला अस्पताल में दे रहे अपनी सेवाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

नेत्र ऑपरेशन कराने के लिए अब जिले के नेत्र रोगियों को हर महीने जिला अस्पताल में आयोजित होने वाले नेत्र शिविर का इंतजार करने की जरूरत नहीं है। क्योंकि अब जिला अस्पताल में प्रतिदिन मरीजों की आंखों की जांच किए जाने के साथही उनकी आंखो के ऑपरेशन भी निःशुल्क किए जा रहे है। जिला अस्पताल में नेत्र रोगियों को यह सुविधा एक साथ नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉक्टरों के द्वारा जिला अस्पताल श्योपुर में अपनी सेवाए देने से मिलना शुरू हो गई है।

याद दिला दें कि एक समय वह था, जब जिला अस्पताल श्योपुर एक नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉक्टर के लिए भी तरस रहा था। हालात यहां तक बने गए थे कि जहां एक तरफ शासन का अंधत्व निवारण कार्यक्रम का लक्ष्य श्योपुर जिले में पिछड रहा था,वहीं नेत्र रोगियों को भी मोतियाबिंद के ऑपरेशन कराने के लिए भी परेशान होना पड रहा है। जिले के नेत्र रोगियों को मोतियाबिंद के ऑपरेशन कराने के लिए दूसरे शहरो में जाना पड रहा था या फिर नेत्र ऑपरेशन शिविरों का इंतजार करना पड रहा था। लेकिन अब स्थिति बिल्कुल बदल गई है। आज एक ही नहीं,बल्कि तीन नेत्र विशेषज्ञ डॉक्टर जिला अस्पताल श्योपुर में अपनी सेवाएं दे रहे है। जो श्योपुर जिला अस्पताल के लिए पहला ही अवसर है, इसका श्रेय श्योपुर के मेडिकल कॉलेज को भी जाता है,क्योंकि जिला अस्पताल में सेवाए दे रहे तीन नेत्र विशेषज्ञ डॉक्टरों में से दो डॉक्टर मेडिकल कॉलेज श्योपुर के ही है।




### अब मरीजां को नहीं करना पड़ रहा शिविर का इंतजार

यूं तो हर माह जिला अस्पताल में नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया जा रहा है,लेकिन जिले के नेत्र रोगियों को अब इस शिविर का इंतजार नहीं करना पड रहा है। क्योंकि अब जिला अस्पताल में ही प्रतिदिन मोतियांबिद के ऑपरेशन सहित अन्य कई जटिल नेत्र ऑपरेशन भी किए जा रहे है। जिला अस्पताल में यह सुविधा इसलिए संभव हो रही है,क्योंकि अब जिला अस्पताल में एक साथ तीन नेत्र रोग विशेषज्ञ अपनी सेवाएं देने के लिए पहुंच रहे है। जिनमें एक तो डॉ जीके गोयल शामिल है,जबकि मेडिकल कॉलेज श्योपुर में पदस्थ हुए दो नेत्र विशेषज्ञ डॉ रवि कुमार कुशवाह और डॉ नीरज माहौर शामिल है

### इसलिए शुरू किया गया जिला अस्पताल में कैंप का आयोजन

श्योपुर जिले के नेत्र रोगियों की बढती परेशानी और अंधत्व निवारण कार्यक्रम में निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति न होने के चलते शासन स्तर से ग्वालियर के एक निजी नेत्र अस्पताल ने अनुबंध करते हुए श्योपुर जिला अस्पताल में नेत्र शिविर लगाना शुरू कर दिया। जिसके चलते हर महीने जिला अस्पताल में इस नेत्र शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस शिविर के दौरान नेत्र रोगियों की जांच किए जाने के बाद ऑपरेश्न के लिए उपयुक्त पाए जाने वाले मरीजों को ग्वलियर ले जाकर उनका ऑपरेशन किया जाता है। हालांकि मरीजां के लिए यह सब निःशुल्क होता है,लेकिन संबंधित संस्था को ऑपरेशनों की संख्या मे लिहाज से निर्धारित राशि शासन से प्राप्त हो जाती है।

### इनका कहना है...

हां, अब एक साथ तीन नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉक्टरों की सेवाएं जिला अस्पताल श्योपुर को मिल रही है। इसका लाभ जिले के मरीजों को प्रतिदिन आंखो की जांच और ऑपरेशन किए जाने के रूप में मिल रहा है। अब नेत्र रोगियों को ऑपरेशन कराने के लिए नेत्र शिविर का इंतजार भी नहीं करना पड रहा है।

**डॉ आरबी गोयल**
**सिविल सर्जन,श्योपुर**

# शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और ईमानदार व्यवस्था के लिए जनता को जोड़ेगी आप:सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

आम आदमी पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व के दिशा-निर्देशों के अनुरूप मध्य प्रदेश में संगठन विस्तार को मजबूत करने के उद्देश्य से "मध्य प्रदेश जोड़ो अभियान" की शुरुआत की गई है। इसी क्रम में शुक्रवार को श्योपुर स्थित श्रीराम धर्मशाला में अभियान के अंतर्गत एक महत्वपूर्ण संगठनात्मक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में आम आदमी पार्टी के संस्थापक सदस्य इंद्रविक्रम सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनके साथ आम आदमी पार्टी यूथ विंग के प्रदेश अध्यक्ष जयेंद्र सिंह सोमवंशी विशेष रूप से मौजूद रहे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं, युवाओं और आम नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

सभा को संबोधित करते हुए आम आदमी पार्टी के संस्थापक सदस्य इंद्रविक्रम सिंह ने कहा कि आम आदमी पार्टी मध्य प्रदेश में जनता की मूलभूत समस्याओं को लेकर पूरी प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही है। उन्होंने कहा कि पार्टी प्रदेश में ईमानदार शासन व्यवस्था स्थापित करने के साथ-साथ आम नागरिकों को बेहतर शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए संघर्षरत है। कार्यक्रम के दौरान आम आदमी पार्टी की नीतियों और विचारधारा से प्रभावित होकर श्याम आदिवासी, आशीष जगनेरी, शुभम गुप्ता सहित कई लोगों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। कार्यक्रम के सफल आयोजन में आम आदमी पार्टी के स्थानीय वरिष्ठ नेता एवं प्रदेश सह सचिव कुलदीप सिंह तोमर, पूर्व जिला अध्यक्ष अनिल मीना, यूथ विंग जिला अध्यक्ष भावरपाल सिंह सिकरवार, सुमित जाट, अभिषेक मीणा कलोनी, रीता चौहान, रवीन्द्र मीना, संत कुमार शाक्य, बनवारी लाल कुशवाह, श्याम गौड़, प्रेमा बाई टैगोर, अर्जुन मीणा, लवली मीणा, सौरभ शर्मा, तरुण राठौर, दिलकुश रजक एवं सुशील अवस्थी सहित अनेक पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की प्रमुख भूमिका रही।



## खबर संक्षेप

### सकल हिंदू समाज के तत्वावधान में खंड में होंगे हिंदू सम्मेलन

**मुंगावली।** खंड के एक दर्जन से अधिक में विभिन्न अंचलों में हिंदू सम्मेलन संपन्न होंगे, जिसमें सभी मंडलों के सकल हिंदू समाज के तत्वावधान में आयोजित इन सम्मेलनों में हिन्दू समाज के सभी घटक के लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लेंगे। बता दें कि हिंदुत्व की धारा को और तेज किया जा रहा हैं। जिसमें अलग-अलग स्थान पर संपन्न होने वाले हिंदू सम्मेलनों में विभिन्न वक्ताओं ने एक स्वर में कहा कि इन सम्मेलनों का उद्देश्य समाज में सकारात्मक परिवर्तन, राष्ट्रीय एकता और सांस्कृतिक पुनर्जागरण को बल देना है। इस बैठक में सर्व प्रथम भारत माता के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। जिसमें इन हिंदू सम्मेलन को लेकर बैठक का आयोजन किया गया जिसमें आयोजित समितियां के गठन को लेकर यह बैठक आयोजित की गइ्र। हिंदू सम्मेलन को लेकर अंचल के 14 मंडलों में समितियां का गठन किया गया है इस मौके पर आयोजन समितियां को कलश एवं धर्म ध्वजा दी गई है। वहीं मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारक नितिन अग्रवाल उपस्थित रहें यह बैठक सोमवार को विशाल हिंदू सम्मेलन में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला सह संघ चालक भान सिंह यादव विभाग सहकारवा महेश रघुवंशी के साथ जिला प्रचारक संजय नागर एवं खंड कारवाह शिशुपाल सिंह चैहान खंड सह करवा सुखनंदन ओझा उपस्थित रहे।

### जिले को प्राप्त हुई आईपीएल कंपनी यूरिया की रैक

**अशोकनगर।** कलेक्टर आदित्य सिंह के मार्गदर्शन एवं निर्देशानुसार जिले के कृषकों की मांग अनुसार रासायनिक उर्वरकों की उपलब्धता सतत की जा रही है। जिले को आईपीएल कंपनी की यूरिया की रैक प्राप्त हुई है। रैक से 1951 मे.टन यूरिया प्राप्त हुआ है। डबललॉक केन्द्र अशोकनगर को 600 मे.टन, डबललॉक केन्द्र मुंगावली को 200 मे.टन, डबललॉक केन्द्र पिपरई को 200 मे.टन, डबललॉक केन्द्र ईसागढ़ 100 मे.टन, डबललॉक केन्द्र नईसरायं 100 मे.टन, डबललॉक केन्द्र चन्देरी 100 मे.टन, एम.पी. एग्रो अशोकनगर 83 मे.टन यूरिया प्रदाय किया गया है।

### जुए के अड्डे पर छापामार कार्रवाई की

**अशोकनगर।** जिले के मुंगावली थाने के अंतर्गत पुलिस ने भुजरिया तालाब के किनारे खम्बे के नीचे ताश के पत्तों से जुआ खेलते हुए मलखान,शंकरलाल, राजेश अहिरवार को गिरफ्तार किया है। जिनके पास से पुलिस ने 6380 रूपए और ताश की गड्डी बरामद की है।

### ग्रामीण की जहरीले कीड़े के काटने से मौत

**अशोकनगर।** जिले के चन्देरी थाने के अंतर्गत ग्राम बामौर हुर्रा निवासी विजयसिंह पुत्र श्रीपथ सिंह यादव उम्र 50 साल को अज्ञात जहरीले कीड़े ने काट लिया था जिसके बाद उन्हें उपचार हेतु चंदेरी अस्पताल ले जाया गया जहां पर उनकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है।

### रोजगार व स्वरोजगार मेला का आयोजन 26 दिसंबर को

**अशोकनगर।** सूक्ष्म,लघु व मध्यम उद्योग, कौशल विकास, रोजगार विभाग के निर्देशानुसार तथा कलेक्टर आदित्य सिंह के मार्गदर्शन में जिला स्तर पर 26 दिसम्बर को रघुवंशी धर्मशाला अशोकनगर में सुबह 11 बजे से युवा संगम अंतर्गत जिला स्तरीय रोजगार एवं स्वरोजगार मेला का आयोजन किया गया है। रोजगार मेला में प्रदेश की विभिन्न कंपनियों द्वारा मेला स्थल पर साक्षात्कार के माध्यम से निजी क्षेत्र में रोजगार एवं संबंधित विभाग द्वारा अलग अलग स्वरोजगार योजनाओं के बारे में मार्गदर्शन उपलब्ध कराया जाएगा। साथ ही ऐसे विभाग जिनमें स्वरोजगार एवं हितग्राही मूलक योजना संचालित होती है, उनके हितग्राही को भी हितलाभ वितरण किया जाएगा। रोजगार मेला में भाग लेने के लिए इच्छुक आवेदक आवेदन कर सकते है।

## गर्ल्स कॉलेज में पर्यावरण जागरुकता पर मंथन, प्रकृति संरक्षण की शपथ ली

# 'तकनीकी विकास तो हुआ पर हमने अपने पर्यावरण की कीमत पर यह तरक्की पाई'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना

गर्ल्स कॉलेज में बुधवार को टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज ( टीआईएसएस) के इनक्यूबेशन सेंटर के तत्वावधान में पर्यावरण जागरुकता पर व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें पर्यावरण की बिगड़ती स्थिति और उससे निपटने के लिए युवाओं की गंभीर चर्चा की गई। स्वागत सत्र के उपरांत कार्यक्रम के मुख्य वक्ता टीआईएसएस इनक्यूबेशन सेंटर के सीईओ सुजय दीक्षित ने विषय को विस्तार देते हुए कहा कि, आज हम जिस दौर में जी रहे हैं, वहां तकनीकी विकास तो हुआ है, लेकिन हमने अपने पर्यावरण की कीमत पर यह तरक्की पाई है। ऊर्जा और जल का संरक्षण अब केवल नारा नहीं, बल्कि अस्तित्व का सवाल है। उन्होंने ई-वेस्ट (इलेक्ट्रॉनिक कचरे) को 'साइलेंट किलर' बताते हुए कहा कि हम गैजेट्स का इस्तेमाल कर फेंक देते हैं, जो मिट्टी और पानी को जहरीला बना रहा है। हमें सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग को पूरी तरह बंद करना होगा और अधिक से अधिक पेड़ लगाने होंगे। यदि हम आज नहीं जागे, तो कल प्रकृति हमें संभलने का मौका नहीं देगी।

कार्यक्रम के दूसरे मुख्य वक्ता और मैनेजिंग डायरेक्टर सत्यजीत मजूमदार ने कहा कि, ग्लोबल वार्मिंग के कारण पूरी दुनिया का मौसम चक्र बदल रहा है, जो आने वाले समय में भीषण प्राकृतिक आपदाओं का कारण बनेगा। कार्बन उत्सर्जन को कम करना केवल सरकारों का काम नहीं है, बल्कि यह हर नागरिक की जिम्मेदारी है। युवा पीढ़ी को 'इनोवेटिव थिंकिंग' के साथ पर्यावरण संरक्षण के नए तरीके खोजने होंगे। उन्होंने जोर देकर कहा कि विकास वही सार्थक है जो विनाश की नींव पर न खड़ा हो, इसलिए हमें 'सस्टेनेबल डेवलपमेंट' (सतत विकास) की ओर बढ़ना होगा। कॉलेज प्राचार्य डॉ. चंदा रत्नाकर ने कहा कि कॉलेज केवल किताबी ज्ञान का केंद्र नहीं है, बल्कि यह सामाजिक सरोकारों को समझने का मंच भी है। टीआईएसएस जैसी प्रतिष्ठित संस्था का हमारे बीच होना गर्व की बात है। छात्राओं को समझना होगा कि पर्यावरण संरक्षण अब कोई विकल्प नहीं, बल्कि एक अनिवार्यता बन चुका है। हमें अपनी रोज़मर्रा की आदतों में बदलाव लाकर एक जिम्मेदार नागरिक की भूमिका निभानी होगी।






वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. रश्मि जैन ने कहा प्रकृति और मानव का संबंध अटूट है। हम प्रकृति से अलग नहीं हैं। आज हम जिस हवा में सांस ले रहे हैं, उसे शुद्ध रखना हमारा नैतिक दायित्व है। केवल एक दिन पर्यावरण की बात करने से बदलाव नहीं आएगा, बल्कि इसे अपनी जीवनशैली का हिस्सा बनाना होगा। यदि हर छात्रा अपने स्तर पर बिजली बचाने और कचरा प्रबंधन का ध्यान रखे, तो यह राष्ट्र के लिए बड़ा योगदान होगा। छात्राओं ने भी कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। निकिता कुर्मी, पूजा कुशवाहा, साक्षी तिवारी, दीक्षा तिवारी और प्रिंसी यादव ने मंच से वृक्षों की उपयोगिता और पर्यावरण सुरक्षा के व्यावहारिक उपाय साझा किए। प्राचार्य और मुख्य वक्ताओं के अलावा डॉ. रश्मि द्विवेदी, राजीव लोधी, नवीन नामदेव, आशीष गुप्ता, नीता नामदेव, मनीता राजपूत और अरुण उपाध्याय मंचासीन रहे।

टीआईएसएस टीम के सहयोगी आकाश पारासर, देवेंद्र रजक, दीपेश कुशवाहा, शोधार्थी द्वय ज्योति राठौर, शुभम राठौर, अंशुल बबेले, शनि अहिरवार, अरविंद करोड़िया, विकास और पूजा एवं भारी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं। वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. उमा लवानिया ने आभार व्यक्त करते हुए छात्राओं में जोश भरते हुए सभी को पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा सच्चा आभार शब्दों से नहीं, कर्मों से होता है। आज हम सब शपथ लेते हैं कि हम वृक्ष लगाएंगे, जल की एक-एक बूंद बचाएंगे और अपनी पृथ्वी को हरा-भरा रखेंगे।

## नपाध्यक्ष ने मदद का आश्वासन दिया

# शॉर्ट सर्किट से घर में लगी आग गृहस्थी का सामान जलकर राख

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर



शहर के मोती मोहल्ला में मंगलवार सुबह करीब 11 बजे महेश सोनी के घर में शॉर्ट सर्किट के कारण भीषण आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि कमरे में रखा पूरा गृहस्थी का सामान जलकर खाक हो गया। बताया जा रहा है कि यह आग उस फ्रिज में शॉर्ट सर्किट होने से लगी थी, जिसे महेश सोनी की पत्नी ने मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना के तहत मिले पैसों को जोड़कर खरीदा था।

आग की सूचना मिलते ही नगर पालिका की दो फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंच गईं। स्थानीय लोगों ने भी तत्परता दिखाते हुए अपने बोरवेल से पानी डालकर आग बुझाने में मदद की। कोतवाली थाने की टीम भी सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची और बचाव कार्य में सहयोग किया। सभी के प्रयासों से आग पर तत्काल काबू पा लिया गया, जिससे आग घर के अन्य हिस्सों में नहीं फैल सकी। घटना की जानकारी मिलते ही नगर पालिका अध्यक्ष भी सक्रिय हो गए। उन्होंने मौके पर अपने भाई को भेजकर पीड़ित परिवार से चर्चा की और उन्हें हर संभव मदद का आश्वासन दिया। नपा अध्यक्ष का कहना है कि पीड़ित परिवार को नगर पालिका परिषद के साथ-साथ प्रशासन की ओर से भी नियमानुसार आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। इस घटना से सोनी परिवार का बड़ा नुकसान हुआ है और उनके सामने रहने व खाने की समस्या खड़ी हो गई है।

### 6 स्कूली वाहनों की चैकिंग कर 4500 रुपए की राशि वसूल की गई



**अशोकनगर।** मंगलवार को तहसील नईसराय में स्कूल वाहनों की चैकिंग की गई जिसमें स्कूल वाहन तथा अन्य छोटे वाहनों से नियम विरुद्ध संचालन करने पर चालानी कार्यवाही की जाकर समझौता शुल्क के रूप में कुल 06 वाहनों से 4500/-रूपये की राशि वसूल की गई। 5 स्कूल वाहन जो शाढौरा पब्लिक/बालक युसु/संस्कार पब्लिक स्कूल और 01 छोटा मालयान जप्त कर थाना नईसराएं और थाना शाढौरा में रखे गये है। दिनांक 01.04.2025 से 16.12.2025 तक चालानी कार्यवाही की जाकर कुल 382500 रूपए का राजस्व समझौता शुल्क के रूप में वसूल किया गया। स्कूल संचालकों को चेतावनी दी गई है कि स्कूल वाहन विना परमिट/ फिटनेस, बीमा, प्रदुषण यानकर, अग्निशमन यंत्र, हीएलटीडी, जीपीएस के बिना यदि कोई वाहन स्कूल वाहून चलता पाथा जाने पर मोटरयान नियम के अंतर्गत कठोर कार्यवाही की जाएगी। कार्यालय द्वारा प्रत्येक सप्ताह स्कूल बसों व यात्री बसों की तथा अन्य वाहनों की चैकिंग की जा रही है चैकिंग के दौरान जो वाहन अनफिट या क्षमता से अधिक यात्री पाये जाते है अनके विरुद्ध नियमानुसार चालानी कार्यवाही की जाती है, आगे भी जिले में चैकिंग निरतंर जारी रहेगी।

# हत्या के प्रयास का मुख्य आरोपी सहित तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार

**अशोकनगर।** मंगलवार को पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन में एवं एसडीओपी अशोकनगर विवेक शर्मा के मार्गदर्शन में हत्या के प्रयास का मुख्य आरोपी सहित तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है।

उल्लेखनीय है कि दिनांक 15 दिसंबर 2025 को थाना कोतवाली अंतर्गत फरियादी अनिल अग्रवाल पुत्र कैलाश अग्रवाल, निवासी पुरानी थाने के पीछे, थाना कोतवाली अशोकनगर द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। फरियादी की रिपोर्ट के आधार पर थाना कोतवाली में अपराध क्रमांक 678/25 अंतर्गत धारा 109(1), 296(बी), 190, 191(1), 191(2) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। मामले की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा द्वारा तत्काल प्रभाव से विशेष टीम गठित कर थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक रवि प्रताप सिंह चैहान को त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही के निर्देश दिए गए।

पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन में एवं एसडीओपी अशोकनगर विवेक शर्मा के मार्गदर्शन में मंगलवार को थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक रवि प्रताप सिंह चैहान द्वारा प्रकरण में संलिप्त आरोपियों के संभावित ठिकानों पर सघन दबिश दी गई। इस दौरान प्रकरण के मुख्य आरोपी प्रदीप सिंह सिख को गिरफ्तार किया गया। आरोपी के मेमो कथन लेखबद्ध किए जाने पर उसके द्वारा घटना में अन्य आरोपियों की



संलिप्तता स्वीकार की गई। मुख्य आरोपी के मेमो कथन के आधार पर त्वरित कार्यवाही करते हुए घटना में शामिल अन्य आरोपी हरप्रीत पुत्र लखबिंदर एवं कमल पुत्र कृपाल सिंह सिख को भी गिरफ्तार किया गया। घटना में प्रयुक्त औजारों को आरोपियों की निशादेही से जप्त किया गया है। प्रकरण में संलिप्त अन्य फरार आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु संभावित स्थानों पर लगातार दबिश दी जा रही है। गिरफ्तारशुदा आरोपी प्रदीप सिंह सिख, हरप्रीत पुत्र लखबिंदर एवं कमल पुत्र कृपाल सिंह सिख को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है। उपरोक्त संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक रवि प्रताप सिंह चैहान, थाना प्रभारी देहात उनि. भुवनेश शर्मा, उनि. जंगबहादुर सिंह तोमर, उनि. मनीष सिंह गुर्जर, सउनि. दिनेश कुमार शर्मा, प्रआर. नवल किशोर शर्मा, प्रआर. दिनेश कुशवाह, प्रआर. अतेन्द्र यादव, आर. गौरव रघुवंशी, आर. महेश बघेल, आर. अभयराज, आर. निशांत छारी, आर. बृजभान यादव, आर. अवनीश, आर. पुष्पेन्द्र यादव आदि की भूमिका रही।

### जिलाध्यक्ष जाटव व विधायक प्रीतम लोधी के निमंत्रण पर आज आएंगे सिंधिया

**पिछोर।** नगर में 18 दिसंबर को सामाजिक और राजनीतिक आयोजन होने जा रहा है। पिछोर विधायक प्रीतम लोधी के आमंत्रण पर क्षेत्रीय सांसद एवं केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया जाटव समाज के सम्मेलन एवं अन्य कार्यक्रमों में शिरकत करने के लिए पिछोर नगर पहुंचेंगे। इसको लेकर नगर सहित पूरे विधानसभा क्षेत्र में उत्साह का माहौल देखा जा रहा है। जानकारी के अनुसार 18 दिसंबर को आयोजित होने वाले जाटव समाज के सम्मेलन में सामाजिक एकता, शिक्षा, संगठन की मजबूती और समाज के विकास से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया उपस्थित रहेंगे। सांसद सिंधिया के आगमन को लेकर भाजपा संगठन एवं स्थानीय कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह है। आयोजन स्थल पर व्यवस्थाओं को लेकर सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। जिला अध्यक्ष जसवंत जाटव, पिछोर विधायक प्रीतम लोधी, विधायक प्रतिनिधि अशोक यादव, जितेंद्र जाटव सहित अन्य वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रम की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और जिम्मेदारियां सौंपी।

# इंडियन पोस्ट पेमेंट में दस हजार से ज्यादा खाते किंतु उप डाकघर में स्टाफ की कमी

## डाकघर के लिए कम पड़ रही जगह, ग्राहकों को बैठने की भी सुविधा नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

बहादुरपुर में करीब पांच वर्ष पूर्व बहादुरपुर के शाखा डाकघर को प्रोन्नत कर उप डाकघर बना दिया गया है। जिससे डाकघर का नया पिनकोड भी आ गया। इसी के साथ इस उप डाकघर में इंडियन पोस्ट पेमेंट बैंक के तहत खाते खोलना शुरू हुए थे, जिनकी संख्या अब दस हजार पार कर गई है। किंतु इतनी संख्या में खुले हुए खातों में लेन देन करने के लिए बैंक में पर्याप्त स्टाफ नहीं है। वहीं शासन द्वारा विभिन्न हितग्राही मूलक योजनाओं में इंडियन पोस्ट पेमेंट बैंक के खाते प्राथमिकता से खुलवाए गए हैं। जिससे लाड़ली बहना योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, इंदिरा गांधी पेंशन योजना के तहत प्रतिदिन सैकड़ों उपभोक्ता अपनी राशि निकासी के लिए उप डाकघर में पहुंच रहे हैं लेकिन उन्हें यहां लम्बा इंतजार करना पड़ता है।

### ट्रांसफर हुए तो बिगड़ी व्यवस्था

ऐसा नहीं है कि उप डाकघर में स्टाफ की कमी शुरू से हो। यहां बीते दो वर्षों से अच्छा खासा स्टाफ था किंतु बीते दिनों जब एक एक कर के कई कर्मचारियों के ट्रांसफर हुए और उनकी जगह कोई नया कर्मचारी नहीं आया तो व्यवस्था बेपटरी हो गईं हैं। हालांकि मौजूदा स्टाफ व्यवस्था बनाने के लिए हर संभव प्रयास कर रहा है।




### पंचायत के भवन में चल रहा डाकघर जगह की भी कमी

ग्राम पंचायत के बहु उद्देशीय भवन स्थित एक कमरे में उप डाकघर संचालित हो रहा है। जिसमें जगह की भी कमी है। इसलिए यहां स्टाफ के बैठने की व्यवस्था तो है लेकिन ग्राहकों को खड़े रहकर ही इंतजार करना पड़ता है। हालांकि कक्ष के नजदीक एक फर्शी की बैंच बनाकर चार पांच लोगों के बैठने की व्यवस्था की गई है जो पर्याप्त नहीं है।

### प्रस्ताव भेजेंगे

हम स्टाफ की व्यवस्था जल्द से जल्द कराते हैं। भवन बदलने के लिए अभी संभावना नहीं है क्योंकि कुछ ही महीने पहले वहां रिनोवेशन कराया है। भविष्य में यदि कोई योजना बनी तो जरूर प्रस्ताव भेजेंगे।

**ओपी चतुर्वेदी, अधीक्षक, डाकघर, गुना**

## टूर्नामेंट में 64 टीम लेंगी हिस्सा, नगरीय प्रशासन मंत्री करेंगे शुभारंभ

# टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन 24 से

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना

खिमलासा रोड स्थित नवीन वस स्टैंड के सामने राज वाटिका मैदान में बीना क्रिकेट क्लब के तत्वावधान में पंडित राकेश सिरोठिया टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट स्मृति कप का आयोजन 24 दिसंबर से शुरू होगा। जिसका शुभारंभ नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय द्वारा किया जाएगा। टूर्नामेंट का समापन 10 जनवरी को होगा।बीना क्रिकेट क्लब संरक्षक पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष गौरव सिरोठिया ने टूर्नामेंट समिति के साथ मंगलवार को खेल मैदान का निरीक्षण किया।

समिति सदस्य किम्मी यादव ने बताया टूर्नामेंट में लखनऊ, कानपुर, इलाहाबाद, कटनी, भोपाल, विदिशा, टीकमगढ़, झांसी, प्रतापगढ़, सागर, जबलपुर सहित अन्य राज्यों एवं बड़े शहरों की 64 टीमें हिस्सा लेंगी। उन्होंने नियम एवं शर्तें बताते हुए कहा कि थ्रो बॉल (जर्क) पूर्णतः प्रतिबंधित है। यदि थ्रो बॉलिंग करते हुए पाए गए तो टूनमिंट से बैन कर दिया जाएगा। प्रत्येक मैच 10 ओवर का होगा। टूर्नामेंट ग्रीन नीबिया बॉल से होगा। एम्पायर का निर्णय अंतिम व सर्वमान्य होगा। प्रत्येक मैच में मैन ऑफ द मैच दिया जाएगा एवं फस्ट राउंड से ही टीमों को किट में आना अनिवार्य होगा।



### विजेता व उपविजेता टीम को मिलेंगे लाखों के पुरस्कार

किम्मी यादव ने बताया कि टूर्नामेंट के फाइनल मैच में विजेता टीम को 2,22,222 रुपए एवं ट्रॉफी, उपविजेता टीम को 111111 रुपए एवं ट्रॉफी पुरस्कार के रूप में दी जाएगी। इसके अलावा मैन ऑफ द सीरीज रहे खिलाड़ी को एक एलइडी एवं मैन ऑफ द मैच रहे खिलाड़ियों को ट्रॉफी दी जाएगी।

### खेल मैदान का किया निरीक्षण

टूर्नामेंट को लेकर खेल मैदान को तैयार किए जाने का कार्य आयोजक समिति के द्वारा बड़े स्तर पर किया जा रहा है। खेल मैदान में साफ-सफाई करने के बाद पानी का छिड़काव किया जा रहा है। पानी के छिड़काव के बाद खेल मैदान पर रोलिंग कर कंप्लीट किया जाएगा। मंगलवार को टूर्नामेंट की तैयारियों का जायजा लेने पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष गौरव सिरोठिया पहुंचे और उन्होंने आयोजक समिति के साथ खेल मैदान का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मनोज शर्मा, करोड़ी यादव,भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष राजेंद्र उपाध्याय, डॉ नरेंद्र ठाकुर, योगेश दीक्षित, शुभम तिवारी, अकरम अली, किम्मी यादव, शुभम चौरसिया, अमित कटारे, तरुण राय, आदि उपस्थित रहे।

# जनसुनवाई में 279 आवेदक अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

प्रति मंगलवार को होने वाली जन सुनवाई के कार्यक्रम के चलते 279 आवेदक शहर से लेकर गांव तक अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे जिन्हे कलेक्टर आदित्य सिंह द्वारा समक्ष में सुना गया और निराकरण के निर्देश दिए गए। जनसुनवाई में ग्राम रावसर निवासी परमाल सिंह यादव द्वारा भूमि का सीमांकन कराए जाने,वार्ड नंबर 15 चंदेरी निवासी धन्नालाल द्वारा पट्टा दिलाए जाने,वार्ड नंबर 11 चंदेरी निवासी संजय सेन द्वारा संबल कार्ड में सुधार करवाए जाने,ग्राम ऊमरी निवासी भावना शर्मा द्वारा फोती नामांतरण कराए जाने, ग्राम बड़ेरा निवासी रजिया अहिरवार द्वारा रजिस्ट्री का आदेश प्राप्त कराए जाने,ग्राम गोराघाट निवासी गणेशराम आदिवासी द्वारा विद्युत कनेक्शन दिलाए जाने,ग्राम रतवास निवासी चन्दन सिंह यादव द्वारा सीमांकन सही कराए जाने,वार्ड नंबर 7 ईसागढ़ निवासी अरूण कुमार शर्मा द्वारा पीएम आवास दिलाए जाने संबंधी समस्यामूलक आवेदन प्राप्त हुए। प्राप्त आवेदनों के निराकरण समय सीमा में किये जाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को मौके पर दिए। जनसुनवाई में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिपं राजेश जैन, अपर कलेक्टर आदि रहे मौजूद।